वस्तु अधिनियम के अधीन पेपर (कंजरवेशन 'ड रेग्यूलेशन आफ न्यूज) आदेश, 1974 जारी कर चुकी है। इस आदेश रा कैलेन्डर डायरियां, पोस्टर तथा बधाई/नियंत्रण पत्रों के बनाने से संबंधित कागज के उपयोग पर कतिपय प्रतिबंध लगे हैं।

भारतीय फिल्मों को अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार

1330. **श्री शंकर दयाल सिंह** : : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में कितनी भारतीय फिल्मों को अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं तथा उनके भाषावार नाम और संख्या क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) : एक विवरण सभा-पटल पर रखा है [ग्रंथालय में रखा गया देखिए संख्या एल/टी–8516]

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के परिवार को सहायता

1331. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार की ओर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के परिवार को कोई सहायता प्रदान की गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है और नेताजी के परिवार के कौन-कौन व्यक्ति इस समय कहां-कहां रहते हैं ?

गृह मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एफ०एच० मोहसिन) : (क) और (ख) : सूचना एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

देश में समाचार पत्रों का परिचालन

1332. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **सूचना और प्रसारण** : मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूरे देश में प्रकाशित किए जाने वाले समाचार-पत्रों की भाषावार वर्तमान संख्या कितनी है तथा उनमें से कितने समाचार-पत्र दैनिक साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक तथा त्रैमासिक है; और

(ख) गत वर्ष के दौरान समाचार पत्र पंजीयक के पास पंजीकृत किए गए और उनका भाषावार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) : (क) 1973 के दौरान देश में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों की कुल संख्या 12,653 थी एक विवरण सभा पटल पर रखा है जिसमें प्रत्येक भाषा के दैनिक, साप्ताहिकों, पक्षिका आदि की संख्या दी हुई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल टी 8517/74]

(ख) 1973 के दौरान, 1409 समाचार पत्र पंजीकृत किये गये। एक विवरण सभा पटल पर रखा। जिसमें इन पत्रों का भाषावार ब्यौरा दिया हुआ है [ग्रन्थालय में रखा गया देखिए संख्या एल टी 8517/74]

Report of Fuel Policy Committee

1334. SHRI VASANT SATHE:
SHRI ARVIND M. PATEL:
SHRI D. B. CHANDRA GOWDA:
SHRI D. P. JADEJA:
SHRI R. V. SWAMINATHAN:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Fuel Policy Committee has submitted its final report to Government;

(b) if so, the important recommendations made by the Committee in general and subsidy element in particular; and

(c) the reaction of Government thereto and at what stage of consideration the report stands and the likely time involved in processing the report?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF ENERGY (PROF. SIDDHESHWAR PRASAD): (a) Yes, Sir.

(b) A list of important recommendation is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-8518/74].

(c) The report is being examined in consultation with the departments/organisations concerned.